# HAMIRPUR POLICE

**थाना मौदहा** **दिनांक-14.10.2021**

## हत्या का खुलासा, हत्या कारित करने वाले 02 अभियुक्त आलाकत्ल सहित गिरफ्तार

अवगत कराना हैं कि दिनांक 12/10/2021 को पिपरोन्दा रोड मौदहा के पास खेतों में मोहम्मद यूसुफ पुत्र हलीम निवासी नई बस्ती उपरोस थाना मौदहा का शव मिला था। उपरोक्त हत्या की घटना के जल्द से जल्द खुलासे हेतु पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा प्रभारी निरीक्षक मौदहा को निर्देश दिए गए थे जिसके फलस्वरूप विवेचना उपरांत 02 व्यक्तियों के नाम प्रकाश मे आए जिनको आज दिनांक 14/10/2021 को समय करीब 06.10 बजे स्थान राठ तिराहा बसवारी रोड पर अभियुक्तगण 1) सरफराज कुरैशी पुत्र स्व0 सलीम कुरैशी निवासी बड़ा कसौड़ा हाल पता काशीराम कालोनी छिमौली रोड कस्बा व थाना मौदहा 2) फैजान अहमद पुत्र मोहम्मद सलीम निवासी काशीराम कालोनी छिमौली रोड कस्बा व थाना मौदहा जो भागने के फिराक से राठ तिराहा बसवारी रोड पर साधन का इंतजार कर रहे थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम राठ तिराहा पहुंचकर बसवारी रोड पर उपरोक्त अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान अभियुक्तगणों द्वारा बताया गया कि मोहम्मद यूसूफ ने सरफराज को 11 हजार 500 रुपये दिए थे। यूसुफ सरफराज कुरैशी से बार-बार पैसा मांगा रहा था, पैसा चुकता न करना पडे इसलिए सरफराज ने यूसुफ को अपने रास्ते से हटाने की योजना बनाई जिसके लिए सरफराज कुरैशी ने अपने मित्र फैजान अहमद के साथ मिलकर दिनांक 10.10.2021 को समय करीब 20.00 बजे रात्रि मलीकुआं चौराहे से मोहम्मद यूसूफ को CT-100 गाडी में बैठाकर ले गया और कहा की पिपरौंदा मोड के पास पैसा देंगे और पिपरौंदा रोड के पास ले गये। वही पर लेकर जाकर एकान्त व रात्रि देखकर चकरोड पर चापड से गले व पेट में मारकर इन दोनो ने मोहम्मद यूसूफ की हत्या की उपरोक्त पकड़े गये अभियुक्तो द्वारा अपना जुर्म कबूल करते हुये घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल व एक अदद चापड साजन तालाब के पास मोटर साइकिल यू0पी0 91सी. 1993 CT-100 रंग लाल बरामद कराया तथा बबूल की झाड़ी में इन दोनो ने हत्या करने में प्रयुक्त चापड भी बरामद कराया जिसमें खून का धब्बा लगा है। उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 319/2021 धारा 302/201 भा0द0सं0 मे पंजीकृत किया गया।

### गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण

1. सरफराज पुत्र स्व0 सलीम कुरैशी निवासी बड़ा कसौड़ा हाल पता 12/143 काशीराम कालोनी छिमौली रोड कस्बा व थाना मौदहा जनपद हमीरपुर
2. फैजान अहमद पुत्र मोहम्मद सलीम उर्फ मुन्ना पठान निवासी 16/108 काशीराम कालोनी छिमौली रोड कस्बा व थाना मौदहा जनपद हमीरपुर



### बरामदगी का विवरण

1. 01 अदद चापड आलाकत्ल
2. 01 अदद घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल
3. 01 अदद REDMI एण्ड्रायड मोबाइल रंग काला
4. 01 अदद सैमसंग की पैड मोबाइल रंग सफेद
5. 500 रुपये नकद

### गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्र0नि0 श्री पवन कुमार पटेल | 3. | का0 मनीष पाल |
| 2. | का0 गौरव भदौरिया | 4. | का0चालक प्रभात कुमार दुबे |